No. of Printed Pages : 6

BSEI-002

ADVANCE CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT (ACSM)

Term-End Examination

December, 2012

00616

BSEI-002 : TRAIN THE TRAINER

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

नोट : *प्रश्न-1 के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न-2 में से **किन्हीं** 7 एवं प्रश्न-3 में से **किन्हीं** 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

भाग-'क'

1. खाली स्थानों की पूर्ति करें : **10x1=10**

(a) तलाशी लेने से पहले कर्मचारी की __________ लेना जरूरी है।

(b) भारतीय संविधान के आधार पर कोई भी व्यक्ति, किसी दूसरे व्यक्ति की __________ नहीं ले सकता।

(c) तलाशी के समय __________ की तरफ से कोई गवाह होना चाहिए।

(d) तलाशी में जो सामान मिलें, उसे __________ में दर्ज करें।

(e) गाड़ी के नीचे के भाग को चैक करने के लिए ट्राली के साथ लगा __________ का प्रयोग किया जाता है।

(f) आम तौर पर तलाशी __________ प्रकार की होती है।

(g) सरसरी तौर पर __________% कर्मचारियों व वाहनों की तलाशी ली जाती है।

(h) कार्यालयों में या रिहायशी मकानों में तापमान को नियंत्रित करने वाली प्रणाली को __________ प्रणाली कहते हैं।

(i) गश्त के प्रकार हैं; Foot Patrol, (पैदल गश्त) Mobile Patrol (हरकती गश्त) और __________।

(j) __________ सूचनाओं का विश्लेषण व निर्णय लेने जैसी कलाओं के निर्माण में सहायक होता है।

भाग-'ख'

सही व **गलत** पर निशान लगाऐ : **10x1=10**

(a) एयर पोर्ट पर, बैग और सूटकेस आदि को चैक करने के लिए एक्स रे मशीन का प्रयोग किया जाता है। ( )

(b) गहराई से 10 प्रतिशत, कर्मचारियों व वाहनों की तलाशी ली जाती है। ( )

(c) ऐसे पदार्थ जो बहुत जल्दी आग पकड़ते हैं, ज्वलनशील पदार्थ कहलाते हैं। ( )

(d) गश्त को प्रभावकारी बनाने के लिए अपने पाँच सेंसो का प्रयोग न करें। ( )

(e) प्रशिक्षण की जरूरतों को चार श्रेणियो में बाँटा गया है। ( )

(f) प्रतिक्रिया शीट (Feed-back sheet) में विभिन्न भूमिका निभाने वाले सभी सदस्यो को दी जाने वाली सूचनाओं का समावेश होता है। ( )

(g) लिखित परीक्षा से तलाशी लेने की कला का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। ( )

(h) प्रशिक्षार्थी, आमतौर पर "कोशिश करो और सीखो" से प्रशिक्षण लेने में कम विश्वास करते हैं। ( )

(i) आमतौर पर Mobile Patrol किसी वाहन के साथ होनी चाहिए। ( )

(j) चार-दीवारी/बाड़ के अन्दर की तरफ 20 फुट तक पेड़ और घास नहीं होनी चाहिए। ( )

भाग-'ग'

मिलान करें : **4x1=4**

(a)	हैण्ड हैल्ड मैटल डिटेक्टर	(i)	कोई भी ऐसी वस्तु,जीव, क्षेत्र या दस्तावेज जिन पर आवागमन की रोक लगाई गई हो
(b)	सुबह की गिनती	(ii)	गहराई से तलाशी
(c)	प्रतिबन्धित	(iii)	ऐसा यंत्र जो हाथ में पकड़कर, शरीर पर छुपी धातु की वस्तुओं को खोजने के लिए प्रयोग किया जाता है।
(d)	विस्तृत तलाशी	(iv)	कर्मचारी की हाजरी का समय

भाग-'घ'

सही उत्तर का चयन करें : **4x1=4**

(a) यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें कार्यभार के ऊपर एक निगरानी कैमरा लगा दिया जाता है, जिसका नियंत्रण, नियंत्रण-कक्ष के द्वारा किया जाता है :

(i) एक्स-रे मशीन

(ii) सी.सी.टी.वी

(iii) डाटा स्ट्रिप्स

(iv) रिफ्लेक्टींग मिरर विद ट्रोली

(b) निरीक्षक या प्रबंधक औपचारिक प्रशिक्षण प्रावधान का लाभ उठा सकते हैं :

(i) काम करने का माहौल तकनीकी तंत्र

(ii) खराब नेतृत्व संगठनात्मक प्रणाली

(iii) अनुचित तरीके तकनीकी तंत्र

(iv) उपरोक्त सभी

(c) गश्त की जानी चाहिए :

(i) सप्ताह में एक बार (ii) रात में

(iii) दिन में (iv) (ii), (iii) दोनों

(d) कमरे की तलाशी लेते समय क्षेत्र को ऊँचाईयों में बाँटे :

(i) दो (ii) पाँच

(iii) तीन (iv) चार

2. निम्नलिखित में से ***किन्हीं सात*** प्रश्नों के उत्तर लिखें : 7x6=42

(a) तलाशी करने के क्या-क्या लाभ हैं?

(b) तलाशी पुस्तिका में कौन-कौन सी प्रविष्टियाँ होती हैं? लिखें।

(c) तलाशी से छूट किन-किन को मिलती हैं एवं तलाशी किस-किस समय पर लेनी चाहिए। लिखें।

(d) व्यवसायिक वाहनो में वस्तुएँ छुपाने की संभावित जगहों की सूची बनाऐं।

(e) प्रथम गश्त हेतू आवश्यक निर्देश कौन-कौन से हैं? लिखें।

(f) आपको गश्त करते वक्त संदिग्ध हालात में कुछ सामान मिलता है, ऐसी स्थिति में आप क्या कार्यवाही करेंगें। लिखें।

(g) एक अच्छे प्रशिक्षण योजना में किन-किन तथ्यों का समावेश होना चाहिए। संक्षिप्त में लिखें।

(h) पत्रसार (Briefing Sheet) से आप क्या समझते हैं? संक्षिप्त में लिखें।

(i) वाहनों की तलाशी के संबंध में ''विस्तृत तलाशी'' से आप क्या समझते हैं? संक्षिप्त में लिखें।

(j) गश्त के दौरान घड़ी किस प्रकार महत्त्वपूर्ण हैं। संक्षेप में लिखें।

3. निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** प्रश्नों के उत्तर लिखें : **3x10=30**

(a) गहराई से तलाशी हेतू निर्धारित निर्देशों का विस्तार से वर्णन करें।

(b) विशेष तलाशी से आप क्या समझते है? एक आम व्यक्ति के बैग की तलाशी लेने की प्रक्रिया के बारे में लिखें।

(c) पुरुषों के शरीर पर चिजे छुपाने की संभावित जगहों की जानकारी लिखें।

(d) कमरे की तलाशी लेते समय किस प्रकार की कार्यवाही करनी चाहिए। चित्र सहित समझाऐ।

(e) ज्ञान आधारित मूल्यांकन के बारे में विस्तारपूर्वक वर्णन करे।